




### 16 करोड़ के 12 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

# मुख्यमंत्री ने कुनकुरी क्षेत्र को दी विकास कार्यों की बड़ी सौगात

## उच्च स्तरीय पुल, फल सब्जी मंडी, महतारी सदन एवं हाट निर्माण से क्षेत्रवासियों को होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकासखंड कुनकुरी अंतर्गत ग्राम पंचायत कलिबा में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जनहितैषी विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कुल 16 करोड़ 5 लाख 91 हजार रुपए की लागत से बनने और पूर्ण हुए 12 विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को दी। इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन, शिक्षा, कृषि विपणन, महिला सशक्तिकरण तथा बुनियादी सुविधाओं को नया विस्तार मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान और अंतिम व्यक्ति तक विकास की सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सड़क, पुल, स्कूल, बाजार और महिला केंद्र जैसी आधारभूत सुविधाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाएंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं भारी संख्या में आमजन मौजूद रहे।





### 8 कार्यों का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में कुल 12 करोड़ 86 लाख 3 हजार रुपए की लागत के 8 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के माध्यम से ग्राम पंचायत कलिबा में 57.66 लाख रुपए की लागत से हाट बाजार निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसके अंतर्गत कव्हर्ड शेड, बोरवेल, यूरिनल ब्लॉक एवं सीसी रोड का निर्माण होगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बेहराखार में 80.59 लाख रुपए की लागत से आधुनिक हाट बाजार निर्माण किया जाएगा। इन बाजारों के बनने से ग्रामीणों एवं किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए बेहतर और सुविधाजनक स्थान मिलेगा तथा स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। लोक निर्माण विभाग (सेतु) द्वारा कलिबा-टांगरबहार (बैगाटोली) मार्ग पर 5 करोड़ 11 लाख 6 हजार रुपए की लागत से उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण किया जाएगा। वहीं बांसपतरा-दुलदुला मार्ग पर चांपाझरिया नाला में 5 करोड़ 90 लाख 80 हजार रुपए की लागत से उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग बनाया जाएगा। इन पुलों के निर्माण से बरसात के दिनों में आवागमन सुगम होगा और ग्रामीणों को आवागमन की बड़ी राहत मिलेगी।

### कलिबेश्वर महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हुए शामिल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विकासखंड कुनकुरी के ग्राम कलिबा में नवनिर्मित कलिबेश्वर महादेव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने मंदिर का लोकार्पण भी किया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय भी मौजूद रहीं। मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। आकर्षक सजावट और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मुख्यमंत्री ने यज्ञमंडप में हरिनाम संकीर्तन करते हुए परिक्रमा की तथा यज्ञशाला में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने ग्राम कलिबा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपये की घोषणा की। साथ ही



हनुमान टेकरी में सामुदायिक भवन एवं सूर्य नमस्कार की मुद्राओं कि प्रतिकृति निर्माण की भी घोषणा की। इस अवसर पर पद्मश्री जागेश्वर यादव, छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, मंदिर समिति अध्यक्ष उपेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष सुशीला साय, पूर्व संसदीय सचिव भरत साय, सुनील गुप्ता, मुकेश शर्मा, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जनप्रतिनिधियों अफसरों ने किया स्वागत

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विकासखंड कुनकुरी अंतर्गत ग्राम पंचायत कलिबा पहुंचे। हाई स्कूल खेल मैदान स्थित हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार शामिल थे।

### 4 कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में कुल 3 करोड़ 19 लाख 88 हजार रुपए की लागत से पूर्ण हुए 4 विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। इसके तहत कृषि उपज मंडी समिति जशपुर द्वारा ग्राम पंचायत कंडोरा (महुआटोली) स्थित उपमंडी कुनकुरी में 2 करोड़ 45 लाख 78 हजार रुपए की लागत से निर्मित फल-सब्जी मंडी, गोदाम, प्लेटफार्म, टायलेट, पार्किंग एवं सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। इस आधुनिक मंडी से किसानों एवं व्यापारियों को कृषि उपज के भंडारण और विपणन की बेहतर सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ढोढ़ीबहार, नारायणपुर एवं केराड़ीह में निर्मित महतारी सदनों का लोकार्पण भी किया गया। प्रत्येक महतारी सदन 24.70 लाख रुपए की लागत से निर्मित हुआ है। इन केंद्रों से महिलाओं को बैठक, प्रशिक्षण, स्व-सहायता समूह गतिविधियों एवं सामाजिक आयोजनों के लिए सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा।

### ग्रामीण विकास को मिलेगा नया आयाम

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बनाना है। पुल और सड़कों के निर्माण से जहां आवागमन आसान होगा, वहीं स्कूल भवनों से शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। आधुनिक बाजार और मंडियों से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा तथा महतारी सदन महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 75 मरीजों को मिर्गी रोग की दवा का वितरण



जशपुरनगर। अघोर पीठ वामदेव नगर गम्हरिया में 10 मई को बाबा भगवान राम ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर में 77 मरीजों को ट्रस्ट द्वारा निर्मित मिर्गी रोग की फकीरी एवं आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया गया। इन मरीजों में 5 बच्चे भी थे। शिविर का शुभारम्भ प्रातः 4 बजे अघोरेश्वर भगवान राम एवं गुरुपद संभव राम के चित्र पर विधिवत पूजन-आरती उपरान्त प्रारम्भ किया गया। चूंकि मिर्गी की यह फकीरी दवा पान के पते पर सूर्योदय के पूर्व ही देने का विधान है इसलिये अधिकांश मरीजों को उनके सहयोगियों के साथ एक दिन पूर्व ही आश्रम में बुला लिया गया था। प्रातः पूजन उपरान्त उन्हें फकीरी दवा दी गयी और साथ में मिर्गी की आयुर्वेदिक दवा भी वितरित की गयी। दवा वितरित करने हेतु विशेष रुप से वैद्य रंजीत सिंह एवं उनके सहयोगी ऋषभ सिंह को आमंत्रित किया गया था। अगला शिविर तीन माह के बाद 23 अगस्त को आयोजित किया जायेगा। साथ ही मरीजों को यह भी निर्देशित भी किया गया कि अगले शिविर में दवा लेने हेतु 22 अगस्त को ही सायंकाल में आश्रम परिसर में उपस्थित हो जाये। शिविर को सफल बनाने में पी०के० श्रीवास्तव, संतोष मिश्र, प्रशांत सिंह,सत्येन्द्र सिंह (मामा), अखिलेश यादव, , शिवम अक्षय सिंह ,सुशील चौधरी का विशेष योगदान रहा।

### माहेश्वरी सभा के जिला अध्यक्ष बने पवन



जशपुरनगर। नगर में आयोजित जिला माहेश्वरी सभा एवं युवा मंडल की बैठक में सर्वसम्मति से पवन हेड़ा को जिला माहेश्वरी सभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में मनीष हेड़ा को जिला माहेश्वरी समाज का सचिव तथा सागर बजाज को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के गौरव एवं स्वतंत्रता सेनानी भारत चंद्र काबरा को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। बैठक में बालकिशन बजाज, सुशील मुंदडा, ओमप्रकाश बजाज श्यामसुंदर बंग, गोविंद प्रसाद हेडा ,नटवर मुंदडा, उमाशंकर मांगु हेडा, महेश पिंटू बंग, दीपक हेडा, राजेश बंग विशाल धुत, अतुल मुंदडा, शिवा बंग, विकास बंग, आशीष बंग, प्रहलाद बंग, मोहित बंग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### महुआ व जशपुर नगर में कल लगेगा शिविर

जशपुरनगर। 12 मई को बगीचा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम महुआ और नगर पालिका परिषद जशपुर में शिविर आयोजित किए जाएंगे। महुआ शिविर में महुआ, सन्ना, तोरा, डोभ, कोपा, लोरो, भादू, बहोरा, लरंगा, भंवर, कामारिमा और कवई के ग्रामीण अपनी समस्याओं व मांगों के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। जशपुर नगर पालिका शिविर में नगर पालिका परिषद जशपुर के वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक के नागरिक शिविर का लाभ ले सकेंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक लिखित रूप में अपने आवेदन शिविरों में देंगे, जिनका मौके पर निराकरण किया जाएगा।

## घर-घर जाकर जनगणना की जानकारी जुटा रहे प्रगणक



जशपुरनगर। सरकार द्वारा आयोजित जनगणना कार्य के अंतर्गत प्रगणक घर-घर जाकर नागरिकों की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। जशपुर क्षेत्र में तीव्र गति में प्रथम चरण का कार्य हो रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए अधिकतर शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, जो पूरी जिम्मेदारी के साथ जनगणना कार्य में सहयोग दे रहे हैं। गर्मी की छुट्टी होने के बावजूद देशहित में जनगणना का कार्य निष्ठा के साथ संपादित कर रहे है।

■ जशपुर में जनगणना प्रथम चरण का कार्य तीव्र गति में हो रहा है संपादित

उल्लेखनीय है कि जनगणना देश के विकास एवं योजनाओं के निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके माध्यम से सरकार को जनसंख्या, शिक्षा, रोजगार एवं अन्य सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों की सही जानकारी प्राप्त होती है। इस दौरान जशपुर के ग्राम बघिमा में प्रगणक के रूप में कार्य कर रहे शिक्षक रवि गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार द्वारा भारत सरकार की जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जा रही है। प्रथम चरण को मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य हो रहा है। इसमें आवास की सुविधाओं से संबंधित 34 प्रश्न पूछे जा रहे है जिसका डाटा संकलन प्रगणकों के द्वारा एच एल ओ एप में किया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से मकान की स्थिति एवं प्रकार, घर में उपलब्ध सुविधाएँ, पेयजल, शौचालय, बिजली आदि की जानकारी, परिवार के पास उपलब्ध संपत्तियाँ, रसोई, गैस, इंटरनेट एवं अन्य सुविधाएँ, परिवार के सदस्यों की संख्या मांगी जा रही है।

## मयाली नेचर कैम्प में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आज

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 11 मई को "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष" विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यभर के जिलों में विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। जशपुर जिले में यह विशेष कार्यक्रम कुनकुरी विकासखंड स्थित मधेश्वर महादेव पर्वत (मयाली नेचर कैम्प) में आयोजित होगा। इस विशेष राष्ट्रीय गौरव कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रोहित व्यास द्वारा कार्यक्रम की सुव्यवस्थित तैयारी एवं सफल आयोजन हेतु विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कार्यक्रम 11 मई को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुनकुरी को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि जनपद पंचायत कुनकुरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुनकुरी को सौंपी गई है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को टेंट, बैरिकेडिंग, साउंड, माइक एवं एलईडी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं एनआईसी जशपुर को कार्यक्रम स्थल पर इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है। नगर सेना जशपुर द्वारा अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर को चिकित्सा दल एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। उद्यानिकी विभाग को फूल-माला एवं बुके की व्यवस्था, खाद्य विभाग को अतिथियों के स्वल्पाहार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही जिला पंचायत एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को अतिथियों की बैठक व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए दायित्व सौंपे गए हैं। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व एवं सुचारू रूप से पूर्ण की जाए, ताकि आयोजन गरिमामय और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

■ कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

## अफसरों ने की खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच

जशपुरनगर। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा तपकरा क्षेत्र में स्थानीय हाट-बाजार में खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा किराना दुकानों, मौसमी फल व स्थानीय साग-सब्जी विक्रेताओं, गन्ना रस-फलों का जूस विक्रय स्थानो, होटलों, ढाबा आदि का मौका निरीक्षण करते हुये उन्हें खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का परिपालन करने एवं इससे संबंधित दिशा निर्देश जैसे - हाईजिन संबंधित जानकारी, एक्सपाइरी खाद्य पदार्थों को विक्रय न करते हुये उनका समय-समय पर छटनी एवं नष्टीकरण करना, पीने के पानी के संग्रहण एवं उपयोग की जानकारी, खाद्य प्रतिष्ठानों में कीड़े-मकोड़ों आदि के लिय पेस्ट कण्टोल कराया जाना, समयावधि में फूड हैडलर्स का मेडिकल कराया जाना, खाद्य लाईसेंस लेकर ही खाद्य पदार्थो से संबंधित कारोबार संचालित करना आदि आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान 6 खाद्य नमूनों का संकलन कर उसे जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया।



### बहन को रॉड से मारा,रिपोर्ट होने पर पुलिस कार्रवाई के डर से युवक ने की खुदखुशी

बिश्रामपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम सतपता में एक 24 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर पुलिस कार्रवाई के डर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। युवक की मौत से परिवार और गांव में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार ग्राम सतपता निवासी शैलेश सिंह गोंड़ पिता अजय सिंह गोंड़ पेशे से ड्राइवर था। शुक्रवार को वह श्रीनगर से घर लौटा था और शराब के नशे में बताया जा रहा था। उस समय उसके माता-पिता किसी काम से बाहर गए हुए थे और घर में उसकी 16 वर्षीय बहन अकेली थी। बताया गया कि शैलेश ने घर पहुंचने के बाद बहन से खाना मांगा। बहन ने खाना बन रहा होने की बात कही, जिससे वह नाराज हो गया और गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान उसने पास में रखी लोहे की रॉड से बहन के पैर में वार कर दिया।घटना से नाराज बहन ने थाने जाकर रिपोर्ट करने की बात कही। यह सुनने के बाद शैलेश अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद बहन वापस घर लौटी, तब तक माता-पिता भी घर पहुंच चुके थे। परिवार के लोग जब शैलेश को खोजते हुए कमरे में पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका मिला।

### सुशासन तिहार: जनप्रतिनिधियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

## खरसोता में श्रमदान के साथ खेला गया सद्भावना क्रिकेट मैच

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिलेभर में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसोता में स्वच्छता, जनभागीदारी और आपसी समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस दौरान स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम एवं सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। ग्राम पंचायत खरसोता में आयोजित स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनोरा, विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। सभी ने सामूहिक रूप से गांव में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। श्रमदान के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई तथा ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।अधिकारियों ने कहा कि सुशासन तिहार केवल समस्याओं के निराकरण का अभियान नहीं, बल्कि जनसहभागिता और सामाजिक जागरूकता को मजबूत करने का माध्यम भी है। स्वच्छता अभियान में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से गांव में सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान ग्राम खरसोता में सद्भावना क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया गया। यह मैच पंचायत विभाग और शिक्षा विभाग की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक खेल का प्रदर्शन किया, वहीं ग्रामीणों ने भी मैच का आनंद लेते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रोमांचक मुकाबले में पंचायत विभाग की टीम विजेता रही। सद्भावना क्रिकेट मैच का उद्देश्य विभागीय समन्वय, आपसी सहयोग और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना रहा। खेल के माध्यम से अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच आत्मीयता और सकारात्मक संवाद का वातावरण बना। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित इन गतिविधियों ने ग्रामीणों में स्वच्छता, स्वास्थ्य, सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक एकजुटता के प्रति नई जागरूकता पैदा की है।





## खबर संक्षेप

### जानवी ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में जिले में 9वां और ब्लॉक में हासिल किया प्रथम स्थान

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10 वीं परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है



जिसमें सरगुजा में दुरस्त ग्रामीण क्षेत्र बटईकेला निवासी छात्रा जानवी गुप्ता ने सरगुजा के टॉप टेन में जगह बनाने के साथ ही पूरे बतौली विकासखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है। शासकीय हाई स्कूल बटईकेला में अध्ययनरत 10 वीं की छात्रा बटईकेला निवासी जानवी गुप्ता आ. जयप्रकाश गुप्ता ने सरगुजा के टॉप टेन में 9 वां स्थान प्राप्त करने के साथ ही पूरे बतौली विकासखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है। जानवी ने 93.17 प्रतिशत के साथ पूरे बतौली में टॉप किया है। मेधावी छात्रा जानवी गुप्ता ने ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ाई के कम संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद अच्छे परिणाम लाकर पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। जानवी गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। छात्रा के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने पर स्कूल के प्रिंसिपल अरुण कुमार तिवारी, सीएमडीसी अध्यक्ष पंडित सुधा सिंधु वैध ने छात्रा की उज्वल भविष्य की कामना की है।

### जनजाति समाज के संत और महापुरुषों ने कभी अलग धर्म कोड की बात नहीं कही

**अम्बिकापुर।** जनजाति गौरव समाज के प्रदेश महामंत्री रामलखन सिंह पैकरा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनजाति समाज के राजा महाराजा पढ़े लिखे विद्वान, महापुरुष, स्वतंत्रता सेनानी भी सनातन समाज के संरक्षक की भूमिका में हमेशा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महारानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, कार्तिक उरांव, पूजा भीम, तिलका मांझी, संत गहिरा गुरु और पद्मश्री माता राजमोहनी देवी जैसे अनेक प्रेरणा देने वाले जनजाति समाज के क्रांतिकारी वीर महापुरुष और समाज सेवक संतों ने कभी अलग धर्म कोड की बात नहीं कही। हमको जात-पात धर्म से ऊपर उठकर संत गहिरा गुरु, पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी, बाबा कार्तिक उरांव, डॉ. भीमराव अंबेडकर, शहीद वीर नारायण सिंह जैसे महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलना है। वर्तमान में कुछ तथाकथित लोग धर्म कोड को अलग करने को मांग के भाव भूमिका पर आंदोलन और धरना प्रदर्शन कर रहे है ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। श्री पैकरा ने कहा कि समाज को बटने वाले लोगों से दूरी बनाकर चलें। हमारे बाप-दादा पुरखा जिन्होंने जन्म दिया जिन्होंने हमें हमारे जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र में जो लिखा है इस बात को हम लोगों को वर्तमान जनगणना में बताना है।

### हज मे जाने वालों का अंजुमन गौसिया कमेटी द्वारा किया गया इस्तकबाल



**लखनपुर।** शुक्रवार को नमाज के बाद हज पर जाने वाले हुज्जाजे एकराम जनाब डॉ. सोएब आलम उदयपुर, शौकत साहब तारा का अंजुमन कमेटी द्वारा इस्तकबाल किया गया। हज के मुकद्दस सफर पर जाने वाले हाजियों का इस्तकबाल स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया। कमेटी के सदस्य ने हज मुबारक बाद के साथ रुखसत विदा किया गया। लखनपुर जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती खालीदुल कादरी द्वारा हाजियों को हज के अरकान नियमों के बारे में मुकम्मल जानकारी दी गई। इस दौरान अंजुमन गौसिया कमेटी के सदर हाजी इदरीश खान, सेक्रेटरी नसरत अली, खजांची नूमान खान, पूर्व सदर हाजी कयामुद्दीन अंसारी, शराफत अली, नुरुलहोदा खान, रफीक खान, जहीरूद्दीन अंसारी, इरशाद खान आदि शामिल थे। मतीन अख्तर, साबिर अंसारी, मुजीब खान, सदाकत अली, अहमद रजा, हाफिज शमसीर, जाकिर हुसैन व बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

### साई कॉलेज में मना विश्व रेडक्रॉस दिवस



**अम्बिकापुर।** साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि सेवा का प्रतिफल हमेशा कल्याणकारी होता है। रेडक्रास सेवा और करूणा का पर्याय है। उन्होंने पेनसिलीन के आविष्कार की कहानी से अवगत कराया। सर अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने १९२८ में लंदन के सेंट मैरी अस्पताल में अथक परिश्रम से किया था। यह दुनिया की पहली एंटीबायोटिक दवा है, जिसकी खोज एक फंगस (पेनिसिलियम नोटेटम) से अचानक हुई। जब उन्होंने देखा कि फंगस ने बैक्टीरिया के विकास को रोक दिया। डॉ. श्रीवास्तव ने यूथ रेडक्रॉस के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंटरनेशनल रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना १७ फरवरी १८६* को स्विट्जरलैंड के जेनेवा में हेनरी डयूनेंट द्वारा की गई थी। ८ मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया जाता है।यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. एलपी गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को कर्तव्य एवं दायित्व के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम प्रभारी देवेंद्र दास सोनवानी ने किया।

### चिकित्सकों के उपस्थित नहीं होने से बीमार पशुओं के इलाज में होती है देरी

# पशु चिकित्सालय में भारी अव्यवस्था, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज. शंकरगढ़

पशुओं को भी आपातकालीन सेवा समय पर मिले इसके लिए शासन द्वारा पशु चिकित्सालय की स्थापना की है। शंकरगढ़ में भी पशु चिकित्सालय की स्थापना की गई है जिसका लाभ क्षेत्र के पशुपालकों सहित विभिन्न घटनाओं में घायल हुए पशुओं को मिल सके। हैरानी की बात यह है कि पशु चिकित्सालय में भारी अव्यवस्था के कारण बीमार पशुओं को लाभ नहीं मिल पा रहा है। आलम है कि अस्पताल में पदस्थ पशु चिकित्सकों के समय पर अस्पताल में मौजूद नहीं होने के कारण पशु पालकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पशु चिकित्सालय की अव्यवस्था पर क्षेत्र के लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों ने प्रशासन से पशु चिकित्सालय की व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग की है।

शंकरगढ़ क्षेत्र के पशुपालकों के लिए संचालित पशु चिकित्सालय शंकरगढ़ एक बार फिर लापरवाही और अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में है। लोगों का आरोप है कि पशु चिकित्सा अधिकारी न तो समय पर उपस्थित रहते हैं और न ही लोगों के फोन कॉल का जवाब देते हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गत दिनों ग्राम सिहार निवासी एवं जनपद सदस्य अमीन साय अपने बीमार पशु के उपचार हेतु सुबह लगभग 7.30 बजे पशु चिकित्सालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि उस समय अस्पताल परिसर में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था। काफी देर इंतजार करने के बाद उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को तीन से चार बार फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया गया। अमीन साय ने कहा जब एक जनप्रतिनिधि का फोन नहीं उठाया जा रहा है तो आम ग्रामीणों की समस्या का अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसी लापरवाही पशुपालकों के लिए गंभीर संकट बन सकती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**ग्रामीणों ने की अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की मांग**




### निजी खर्च पर कराते है इलाज

पशु चिकित्सालय की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जब उनके पशु बीमार पड़ते हैं, तो उन्हें सरकारी पशु अस्पताल से समय पर इलाज नहीं मिल पाता, जिसके चलते उन्हें मजबूरी में निजी चिकित्सकों के पास जाकर पैसे खर्च करने पड़ते हैं। कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शासन की विभिन्न पशु स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक नहीं पहुंच पा रहा है।

### कार्यालय का मुख्य द्वार बना पार्किंग एरिया

ग्रामीणों का कहना है कि पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा अपनी चारपहिया वाहन को चिकित्सालय के मुख्य गेट के सामने खड़ा कर दिया जाता है। इससे अस्पताल आने वाले पशुपालकों और को अंदर-बाहर आने में काफी परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि सरकारी कार्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार ही निजी पार्किंग स्थल में तब्दील कर दिया गया है, जो न केवल अनुचित है बल्कि लोगों के लिए सुविधाजनक भी है।

### जांच और कार्रवाई की मांग

पशु चिकित्सालय शंकरगढ़ पहले भी कई बार अव्यवस्थाओं और लापरवाही को लेकर विवादों में रह चुका है। बावजूद इसके, स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं आ रहा है। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि पशु चिकित्सालय में नियमित रूप से डॉक्टर और स्टाफ उपस्थित रहें, ताकि पशुपालकों को समय पर और बेहतर उपचार मिल सके।

### बीमार पशुओं का किया जाता है इलाज

शंकरगढ़ पशु चिकित्सालय में दो पशु चिकित्सक पदस्थ है जिनके द्वारा क्षेत्र के बीमार पशुओं का उपचार किया जाता है और किसी प्रकार की शुल्क नहीं लिया जाता है। संस्था में बीमार पशुओं का उपचार करने पर शासन से निर्धारित शुल्क जमा कराया जाता है। शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ पशुपालकों को दिया जा रहा है। पशु चिकित्सक एवं स्टाफ की रहने की आवासीय व्यवस्था नहीं होने के कारण चिकित्सालय बंद होने के बाद सुरक्षा की दृष्टि से वाहन को सामने रखा जाता है।

डॉ. एमएस मरकाम, प्रभारी पशु चिकित्सालय शंकरगढ़

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 100 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, गूंजी शहनाइयां और हुई पुष्प वर्षा

हरिभूमि न्यूज. सूरजपुर

समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के हाथ पीले करने की पवित्र भावना के साथ शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत जिले में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में 100 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुए इस आयोजन में मंत्रोच्चार के बीच फेरे, सिंदूरदान एवं वरमाला की रस्में पूरी कराई गईं। समारोह स्थल पर शहनाइयों की गूंज, बैंड-बाजों की धुन एवं पुष्प वर्षा के बीच नवदंपत्तियों ने एक-दूसरे का जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सभी नवविवाहित जोड़ों को सुखमय एवं समृद्ध दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवाह जीवन का सबसे पवित्र संस्कार है, जो दो आत्माओं को सात जन्मों के बंधन में बांधता है। उन्होंने बताया कि राज्य



शासन द्वारा इस वर्ष दो चरणों में सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों तक इस कल्याणकारी योजना का लाभ पहुंच सके। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण पर विशेष बल देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर महिला, सशक्त परिवार और समृद्ध समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर न केवल अपने परिवार को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से मजबूत करती हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं समाज के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विवाह के पश्चात पारिवारिक दायित्व बढ़ जाते हैं और स्वावलंबी महिलाएं इन जिम्मेदारियों का बेहतर निर्वहन कर परिवार को सशक्त एवं सुदृढ़ बनाती हैं। उन्होंने नवदंपत्तियों से शासन की महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की बात कही। वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को समाज के जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान स्वरूप पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना उन परिवारों के लिए बड़ा सहारा है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों का विवाह सम्मानजनक ढंग से नहीं कर पाते। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति विस्तार से जागरूक किया तथा जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का संकल्प दिलाया।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस सख्त 25369 लोगों पर कार्रवाई

**सूरजपुर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्धेश्य से पुलिस लगातार सघन वाहन चेकिंग का अभियान चला रही है। इस दौरान पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों सहित यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। वर्ष 2026 में अब तक शराब पीकर वाहन चलाने के 219 प्रकरणों में वाहन जप्ती की कार्रवाई कर चालान न्यायालय पेश किया गया जहां से चालकों को 20 लाख 1 हजार रूपये का जुर्माना हुआ है। इसके अलावे बिना हेलमेट के 2250 प्रकरण, बिना सीट बेल्ट के 2250 प्रकरण सहित कुल 25369 प्रकरणों में 86 लाख 65 हजार 200 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया। इसी क्रम में 6-7 मई को यातायात प्रभारी द्वारा कर्मा चौक व अग्रसेन चौक के चेकिंग प्वाइंट पर इनोवा वाहन क्रमांक सीजी 13 एई 1810 एवं पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 सीवाय 6344 के चालक को शराब के नशे में पाया। वाहनों को जब्त कर धारा 185 का इस्तगासा तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से इनोवा चालक को 10 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# योग जीवन का आधार, कार्यों में लाता है कुशलता - सांसद चिंतामणि



**रामानुजगंज।** पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा द्वारा नियमित रूप से संचालित निःशुल्क योग कक्षा में सांसद चिंतामणि महाराज ने सहभागिता करते हुए योगी भाई-बहनों एवं बच्चों के साथ योग और प्राणायाम किया। इस दौरान उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में योग प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की आवश्यकता ही नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है।

सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि योग से व्यक्ति के दैनिक कार्यों में कुशलता आती है तथा वह अपने कार्यों को अधिक क्षमता और बेहतर दक्षता के साथ संपन्न कर सकता है। उन्होंने पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा द्वारा नियमित रूप से निःशुल्क संचालित योग कक्षा की सराहना की। योग कक्षा संचालिका आरती ज्ञानेंद्र कुमार बाजपेई ने बताया कि वर्तमान में संचालित योग कक्षा की स्थापना स्व.डॉ. पवन सिंघल द्वारा 9 मार्च 2019 को मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में की गई थी, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि समिति योग के साथ-साथ हवन, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, गौ सेवा एवं स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक कार्य भी समय-समय पर संचालित करती है। प्रत्येक पूर्णिमा एवं विशेष धार्मिक अवसरों पर सामूहिक हवन का आयोजन भी किया जाता है।

# ईश्वर को केवल सच्चा प्रेम एवं समर्पण पसंद

**अम्बिकापुर।**श्री रामकृष्ण विवेकानन्द सेवा आश्रम में आयोजित दो दिवसीय राम कथा में रामकृष्ण मिशन भुज के अध्यक्ष स्वामी सुखानंद महाराज ने भगवान श्रीराम की बाल लीला, धनुष यज्ञ , शबरी प्रसंग एवं नवधा भक्ति का मार्मिक वर्णन किया। स्वामी जी ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मानवता, मर्यादा एवं आदर्शों की अनुपम प्रेरणा है। शबरी की निष्कपट भक्ति हमें सिखाती है कि ईश्वर को केवल सच्चा प्रेम और समर्पण प्रिय है।

उन्होंने नवधा भक्ति के माध्यम से सत्संग, कथा श्रवण, गुरु सेवा, भगवान का गुणगान, मंत्र जाप, संयम, संतोष, सरलता एवं पूर्ण विश्वास जैसे आध्यात्मिक मार्गों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। धनुष यज्ञ प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग करना धर्म एवं सत्य की विजय का प्रतीक है।कथा के द्वितीय दिवस उन्होंने गिद्धराज जटायु प्रसंग, सुरसा एवं हनुमान प्रसंग, लंकिनी और हनुमान संवाद तथा



रावण और राम के चरित्र का विस्तृत वर्णन किया । स्वामी जी ने कहा कि हनुमान जी का चरित्र शक्ति, सेवा, विनम्रता एवं पूर्ण समर्पण का अद्भुत उदाहरण है वहीं रावण का जीवन अहंकार के दुष्परिणामों को दर्शाता है।उन्होंने जटायु प्रसंग के माध्यम से त्याग एवं धर्म रक्षा का संदेश दिया तथा बताया कि भगवान श्रीराम ने जटायु को पिता तुल्य सम्मान देकर मानवता का सर्वोच्च आदर्श प्रस्तुत किया है। सुरसा एवं लंकिनी प्रसंगों के माध्यम से हनुमान जी की बुद्धिमत्ता, धैर्य एवं भक्ति की महिमा का वर्णन किया ।

### हर माह के दूसरे शनिवार को सजता सेवा का भंडारा

**भैयाथान।** ब्लॉक मुख्यालय में धार्मिक आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। श्री हनुमंत सेवा समिति द्वारा पिछले आठ माह से प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक सेवा में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं।समिति द्वारा आयोजित भंडारे में प्रतिमाह लगभग 1 हजार से 15 सौ श्रद्धालु पहुंच कर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इसी क्रम में बीते शनिवार को राम जानकी मंदिर के समीप समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के बीच भंडारा वितरण किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन भगवान हनुमान की भक्ति, सामाजिक एकता एवं मानव सेवा की भावना को समर्पित है। समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी मासिक भंडारा 13 जून को दोपहर 1 बजे से मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा।

# बाइक चोरी कर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा आरोपी युवक गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** सोनगरा बाजार से बाइक चोरी कर बेचने की फिराक में घूम रहे आरोपी को पुलिस ने चोरी की बाइक समेत पकड़ लिया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि 8 मई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि दिनेश राजवाड़े निवासी सुंदरगंज का एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल लेकर गांव में आया है और बेचने के लिए ग्राहक ढूंढ रहा है।

सूचना पर सुंदरगंज पहुंचकर आरोपी दिनेश राजवाड़े से पूछताछ करने पर अपने पास रखे बिना नंबर के पल्सर मोटरसाइकिल को करीब दो माह पहले सोनगरा बाजार के पास से चोरी करना स्वीकार किया गया,आरोपी के पास से बरामद मोटरसाइकिल चोरी के होने पर



जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 35(1) ड, 303(2) बीएनएस के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी दिनेश राजवाड़े पिता बोधन उर्फ शंकर राजवाड़े 32 साल निवासी सुंदरगंज को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। कार्रवाई में लटोरी चौकी प्रभारी समेत अन्य पुलिस टीम सक्रिय रही।

# शिवनन्दनपुर में नाली निर्माण कार्य में अनियमितता के लग रहे आरोप

**बिश्रामपुर।** नवगठित नगर पंचायत शिवनन्दनपुर में विकास कार्यों को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। करोड़ों रुपए की लागत से कराए जा रहे नाली निर्माण अब सवालों के घेरे में आ गए हैं।

नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता, गुणवत्ता विहीन निर्माण और शासकीय राशि के दुरुपयोग के आरोप लगने से स्थानीय राजनीति और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। नपं शिवनंदनपुर के वार्ड क्रमांक 9 निवासी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता बलराम कुमार शर्मा ने नगर पंचायत प्रशासक सह तहसीलदार सूरजपुर को लिखित शिकायत सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत गठन के बाद शासन द्वारा नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, वार्ड सूचना बोर्ड और अन्य बुनियादी कार्य तेजी से शुरू किए गए। लेकिन इन कार्यों में गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है। सबसे बड़ा आरोप यह है कि नाली निर्माण से पहले सड़क सीमांकन तक नहीं कराया गया। बिना अतिक्रमण हटाए ही नालियां बनाई जा रही हैं, जिससे सड़कों की चौड़ाई लगातार कम होती जा रही है। कई वार्डों में पहले जहां दो बड़े वाहन आसानी से निकल जाते थे, अब वहां एक वाहन निकालना भी मुश्किल हो रहा है।

### प्रबंधक के न बैठने के कारण हम लोगों को बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा

# ओडगी सेंट्रल बैंक में प्रबंधक के न रहने से ग्रामीण को हो रही है परेशानी

हरिभूमि न्यूज. ओड़गी

मुख्यालय के सेंट्रल बैंक में ओडगी प्रबंधक का ट्रांसफर हो जाने के बाद लगभग एक महीना के बाद भी नए प्रबंधन के जॉइनिंग न करने के कारण क्षेत्र की ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यालय होने के कारण क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं क्षेत्र के कर्मचारियों को भी अन्य समस्याओं को लेकर इंतजार करना पड़ रहा है। दूर दराज के ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि प्रबंधक के न बैठने के कारण हम लोगों को बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

बैंक के कर्मचारियों द्वारा बताया जा रहा है कि बैंक के प्रबंधक अभी तक




जॉइनिंग नहीं किए हैं जॉइनिंग न करने के कारण परेशानी हो रही है। क्षेत्र के ग्रामीण का कहना है कि इस विषय में किसी प्रकार के बैंक के उच्च अधिकारी पहल नहीं कर रहे हैं जिससे ग्रामीण दर-दर इस गर्मी में भटकने को मजबूर है अब देखने वाली बात यह है कि उच्च अधिकारी कब तक इस मामले को संज्ञान लेते हैं और प्रबंधक कब जॉइनिंग करते हैं

### एक ही है सेंट्रल बैंक

मुख्यालय में सेंट्रल बैंक एक होने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीणों का खाता सेंट्रल बैंक से संचालित होता है। ऐसे में खाता धारक बैंक में कई समस्याओं को लेकर आते हैं परंतु प्रबंधक के न होने के कारण ग्रामीणों की समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है और न ही बैंक की योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पा रही है जिससे ग्रामीण परेशान है।

# नगर पंचायत शिवनंदनपुर में 1 जून को होगा मतदान, 4 जून को मतगणना

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ की राजनीति और स्थानीय प्रशासनिक हलकों में एक बार फिर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरपालिकाओं और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम एवं उप निर्वाचन की बहुप्रतीक्षित समय-सारणी जारी कर दी है। आयोग द्वारा जारी आदेश के बाद नगर पंचायत शिवनंदनपुर में चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो गया है। निर्वाचन भवन नवा रायपुर अटल नगर से जारी आदेश के अनुसार यह चुनाव प्रक्रिया मई से जून तक चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी।राज्य निर्वाचन आयोग की सचिव शिखा तिवारी द्वारा जारी आदेश में चुनाव की औपचारिक शुरुआत 11 मई से होगी। इसी दिन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन की सूचना जारी की जाएगी तथा सीटों के आरक्षण और मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन भी किया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया भी 11 मई से शुरू होकर 18 मई तक चलेगी। प्रत्याशी प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकेंगे। इसके बाद 19 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 21 मई तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन अंतिम प्रत्याशी सूची जारी कर चुनाव चिन्हों का आबंटन भी किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के आदेश के मुताबिक मतदान 1 जून सोमवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक कराया जाएगा।

■ 11 मई से चुनावी प्रक्रिया होगी शुरू



# द रॉयल्स' के एक साल पूरे, भावुक हुए ईशान

**मुंबई।** ओटीटी की दुनिया में पिछले कुछ सालों में कई ऐसी सीरीज आई हैं, जिन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। ऐसी ही एक सीरीज रही 'द रॉयल्स', जिसने रिलीज होते ही युवाओं के बीच अलग पहचान बनाई थी। अब इस सीरीज को एक साल पूरा हो चुका है। इस खास मौके पर अभिनेता ईशान खट्टर ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट किया। उन्होंने सीरीज से जुड़ी कई अनदेखी तस्वीरें और वीडियो साझा करते हुए शूटिंग के दिनों को याद किया। साथ ही उन्होंने फैंस के प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद भी कहा। ईशान ने इंस्टाग्राम पर 'द रॉयल्स' के सेट से जुड़े कई खास पल साझा किए।

लाइफ Style


# उर्वशी

## मेरे किरदार की चुप्पी में छिपा संघर्ष

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' के दूसरे सीजन को लेकर काफी चर्चा में हैं। इस बार उनका किरदार पहले से ज्यादा भावनात्मक रूप से मजबूत दिखने वाला है। इस पर उर्वशी का कहना है कि इस बार उनके किरदार की सबसे बड़ी ताकत 'चुप्पी में छिपा संघर्ष' है।

बाहर से शांत दिखने वाले मेरे किरदार के अंदर चल रहा लगातार मानसिक संघर्ष ही उसकी मजबूती है। उर्वशी रौतेला ने अपने किरदार पूनम मिश्रा के बारे में बात करते हुए कहा, इस सीजन में मेरा किरदार सिर्फ एक सपोर्टिव पत्नी का नहीं है, बल्कि एक ऐसे इंसान का है, जो अंदर ही अंदर बहुत कुछ झेल रहा है। इस बार मेरे किरदार की सबसे बड़ी भावना 'साइलेंस में सर्वाइवल' (चुप्पी में छिपा संघर्ष) है, यानी ऐसा किरदार, जो बिना शोर किए, बिना अपनी भावनाओं को बाहर दिखाए, परिस्थितियों से लड़ता रहता है और खुद को संभालने की कोशिश करता है। उर्वशी ने कहा, क्राइम ड्रामा में आमतौर पर लोग सिर्फ हिंसा, ताकत और एक्शन देखते हैं, लेकिन असल कहानी उसके पीछे छिपे डर और अकेलेपन की होती है। मेरे किरदार के भीतर भावनात्मक अकेलापन और खुद को सुरक्षित रखने की लगातार कोशिश दिखाई देती है। मेरा किरदार बाहरी दुनिया से ज्यादा अपने अंदर के डर और संघर्ष से लड़ रहा है। यही वजह है कि इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक अलग अनुभव रहा है। उर्वशी ने कहा, मुझे इस किरदार में सबसे ज्यादा आकर्षित इमोशन्स लगे।



## हॉलीवुड मसाला



# मदर्स डे पर की खूबसूरत पहल

**लॉस एंजिल्स।** मदर्स डे के अवसर पर ग्लोबल स्टार किम कार्दशियन जेल में बंद कई मांओं को उनके बच्चों से मिलवाने में मदद कर रही हैं। किम कार्दशियन ने रिफॉर्म अलायंस और लेडीज ऑफ होप मिनिस्ट्रीज के साथ मिलकर पूरे अमेरिका की फेडरल जेलों में बंद 50 मांओं के लिए इस रविवार को अपने बच्चों से मिलने का इंतजाम किया है। इस पहल के तहत परिवारों के सफर और दूसरे खर्चों का ध्यान रखा जाएगा, ताकि वे मदर्स डे एक साथ मना सकें। पीपल मैगजीन के मुताबिक, परिवारों का चुनाव 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया गया था।



# 'डेडलिएस्ट कैच' फेम एक्टर जेक एंडरसन की शादी टूटी

**लॉस एंजिल्स।**'डेडलिएस्ट कैच' फेम स्टार जेक एंडरसन और उनकी पत्नी जेना का तलाक हो रहा है। जेक एंडरसन ने इसकी पुष्टि कर दी है। इसी के साथ 17 साल के रिलेशनशिप और 13 साल की शादीशुदा जिंदगी का अंत हो रहा है। जेक एंडरसन ने इस बात की पुष्टि की है कि वे और उनकी पत्नी जेना एंडरसन 13 साल शादीशुदा जिंदगी में साथ रहने के बाद अब अपनी शादी खत्म कर रहे हैं। पीपल (**PEOPLE**) मैगजीन के अनुसार, यह बात इस लोकप्रिय शो के 22वें सीजन के प्रीमियर के दौरान सामने आई, जहां जेक ने अपनी निजी जिंदगी के मुश्किल दौर के बारे में खुलकर बात की, जबकि वे अपनी प्रोफेशनल लाइफ में भी अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। अलग होने के बारे में बात करते हुए जेक ने कहा, '17 साल साथ रहने और 13 साल शादीशुदा जिंदगी में बिताने के बाद जेना और मैंने अब अलग होने का फैसला कर लिया है'।



# 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर रिलीज


**मुंबई।** अभिनेत्री दिशा पाटनी ग्लोबल मंच पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। उनकी पहली इंटरनेशनल मूवी 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। ट्रेलर में वह एक्शन करती नजर आ रही हैं। फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' एक बड़ी काल्पनिक और रहस्यमयी दुनिया में ले जाती है। यह 'स्टेटिगार्ड्स वर्सेज होलीगार्ड्स' नाम की नई फिल्म सीरीज की पहली मूवी है। इस कहानी को लाडो ओखोटनिकोव ने तैयार किया है। फिल्म में दो प्राचीन शक्तियों के बीच संघर्ष दिखाया गया है। एक पक्ष दुनिया में नियम और संतुलन बनाए रखने की बात करता है, जबकि दूसरा पक्ष अलग सोच और अलग रास्ते पर चलता है। इसी संघर्ष के बीच दिशा पाटनी का किरदार जेसिका सामने आता है।



# मेरा काम लोगों का इंटरटेन करना

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ म्युजिक इंडस्ट्री का जाना चेहरा है। उन्होंने ग्लोबल लेवल पर भी अपनी तगड़ी पहचान बनाई है। वहीं इन वो राजनीति में आने की खबरों को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में जब उनसे पंजाब की राजनीति का 'नया चेहरा' बनने की अपील की गई, तो उन्होंने 'नेवर' कहकर इसे ठुकरा दिया। दरअसल, एक दैनिक अखबार ने हाल ही में 'क्या दिलजीत पंजाब की राजनीति का नया चेहरा बन सकते हैं?' शीर्षक से एक आर्टिकल पब्लिश किया। रिपोर्ट के मुताबिक, रिटायर्ड सैनिकों और समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोगों सहित कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दिलजीत से राजनीति में आने की सार्वजनिक अपील की थी। बताया गया कि रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट एसएस बोपराय के नेतृत्व वाला ये ग्रुप चाहता है कि दिलजीत पंजाब की नई राजनीतिक आवाज बनें।

## टीवी मसाला



# खेल के मैदान के बाद टीवी पर डेब्यू करेंगे रोहित शर्मा, रिलीज हुआ नए शो का टीजर

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के बेहतरीन बैट्समैन और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का हर काम उनके फैंस को पसंद आता है। फैंस उनके परफॉर्मेंस, ऐड और इंटरव्यू पर प्यार लुटाते हैं। उनका हर अंदाज फैंस को पसंद आता है। ऐसे में रोहित शर्मा टीवी पर एक शो लेकर आ रहे हैं। रोहित ने पूछा है कि अगर वह टीवी पर अपना अंदाज लेकर आएंगे तो क्या होगा? क्रिकेटर रोहित शर्मा जल्द ही टीवी पर अपना एक शो लेकर आने वाले हैं। इसका टीजर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। टीजर में दिखाया गया है कि रोहित अपने फैंस से मिलते हैं। फैंस उनसे 'कोई गार्डन में नहीं घूमेगा' बोलने को कहते हैं। इस डिमांड से वह परेशान हो जाते हैं। इस बीच वह कॉल करके अपने घर पर गार्डन का काम रुकवा देते हैं। टीजर के आखिर में रोहित कहते हैं 'दो लाइनें क्या बोल दीं, इतनी वायरल हो गईं, जब मेरा पूरा शो आएगा तो क्या होगा? टीजर में यह नहीं बताया गया है कि उनके शो का क्या नाम है और यह किस बारे में है। हालांकि रोहित ने टीजर से अपने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया है। उनका शो सोनी टीवी पर आने वाला है। बताया जाता है कि रोहित शर्मा अपनी खास हाजिरजवाबी और सहज आकर्षण के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगे। दर्शक एक एंटरटेनमेंट शो की उम्मीद कर सकते हैं।

## दूसरी बार मां बनीं टीवी एक्ट्रेस आशका

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस आशका गोराडिया ने गुड न्यूज शेयर की है। आशका ने दूसरे बेटे को जन्म दिया है। आशका और उनके पति ब्रेंट गोबल ने अब फैंस के साथ ये खुशखबरी साझा की है। सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत फोटो के साथ कपल ने अपन बेटे के नाम का भी खुलासा किया है। साथ ही चार सदस्यों के परिवार के रूप में एक नए चैप्टर की शुरुआत को लेकर शुक्रिया भी अदा किया है। आशका ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की है। इसमें कपल और उनके बड़े बेटे के हाथ नजर आ रहे हैं, जिसमें वो नवजात को थामे हुए हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा है। इसमें उन्होंने खुशखबरी साझा करते हुए कहा, '1 मई 2026 को हमारे दिलों में आए हमारे बेटे रिचर्ड थियोडोर गोबल का आगमन हुआ।



# 'मस्कारा' के साझा किए बीटीएस पल



*अभिनेत्री शरवरी वाघ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'क्या कमाल है' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री 'जिया' नाम का एक बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं। हाल ही में फिल्म का नया गाना 'मस्कारा' रिलीज हुआ है, जिसमें शरवरी का अंदाज पुराने दौर की बॉलीवुड हीरोइनों के रोमांस की याद दिला रहा है।*

**मुंबई।** शरवरी ने इंस्टाग्राम पर गाने की शूटिंग के बीटीएस पल शेयर किए। इस पोस्ट में शरवरी ने इम्तियाज अली के साथ अपने काम करने के अनुभव को बयां करते हुए लिखा, इम्तियाज अली सर और मैं इस एहसास को 'किस-मिस यारा' कहते थे। यह एक मजेदार बनाया गया शब्द है, जो पहली बार प्यार में पड़ने वाली उस मीठी और हल्की सी गुदगुदाहट को महसूस कराता है। शरवरी ने आगे लिखा, मेरा किरदार 'जिया' अपनी जिंदगी में कई बार इसी 'किस-मिस' वाले एहसास से गुजरती है। गाने में मेरा नटखट और शरारती अंदाज दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। 'मस्कारा' गाने में शरवरी का लुक काफी क्लासी रखा गया है। गाने में उनका नटखट और शरारती अंदाज भी देखने को मिलता है। 'मस्कारा' गाना अपनी रोमांटिक धुन और शानदार केमिस्ट्री के लिए सोशल मीडिया पर छा गया है। इस गाने को वेदांग रैना और नीलांजना घोष दस्तीदार ने अपनी आवाज दी है। इसका संगीत दिग्गज संगीतकार एआर रहमान ने दिया है, जबकि बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं।

# फीफा वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी में दिखेगा जलवा

**मुंबई।** बॉलीवुड की डांसिंग सेंसेशन और ग्लोबल स्टार नोरा फतेही एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन करने जा रही हैं। नोरा अब 'फीफा वर्ल्ड कप 2026' के ओपनिंग सेरेमनी में अपनी परफॉर्मेंस और सिंगिंग का जलवा बिखेरती नजर आएंगी। यह सेरेमनी कनाडा के टोरंटो शहर में आयोजित होगी। नोरा का इस बड़े मंच पर शामिल होना भारतीय मनोरंजन जगत के लिए गर्व की बात है। 'फीफा वर्ल्ड कप 2026' की ओपनिंग सेरेमनी 12 जून को टोरंटो के मशहूर बीएमओ फील्ड स्टेडियम में होगी। इस खास मौके पर नोरा फतेही के साथ कई बड़े इंटरनेशनल म्यूजिक स्टार्स भी परफॉर्म करेंगे। इस लिस्ट में माइकल बुबले, एलानिस मॉरिसेट, एलेसिया कारा, एलियाना, जेसी रेयेज, संजॉय, वेगेड्रीम और विलियम प्रिंस जैसे कलाकार शामिल हैं। वहीं अमेरिका में होने वाली ओपनिंग सेरेमनी में अनीता, फ्यूचर, कैटी पेरी, लिसा, रेमा और टायला जैसे बड़े इंटरनेशनल स्टार्स मंच संभालेंगे। इस तरह फीफा वर्ल्ड कप 2026 संगीत, संस्कृति और मनोरंजन का एक बड़ा उत्सव बनने जा रहा है। फीफा की आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, कनाडा में होने वाली ओपनिंग सेरेमनी देश की संस्कृति और विविधता को दुनिया के सामने पेश करेगी। समारोह की शुरुआत कनाडा की अलग-अलग खूबसूरत जगहों और वहां की परंपराओं को दिखाने वाले खास प्रस्तुतीकरण से होगी। इसके जरिए दुनिया भर से आए लोगों का स्वागत किया जाएगा।



# पैट्रिआर्की पर कृति का बड़ा बयान बोलीं- बड़ा हिस्सा ले जाते हैं हीरो

बॉलीवुड में मेल और फीमेल एक्टर्स की फीस को लेकर बहस

**मुंबई।** बॉलीवुड में मेल और फीमेल एक्टर्स की फीस को लेकर बहस लंबे समय से चल रही है। तमाम एक्ट्रेस इस मुद्दे पर बात कर चुकी हैं, अब कृति सेनन ने भी इंडस्ट्री में मौजूद पैट्रिआर्की और पे-पैरिटी पर खुलकर बात की है। कृति ने कहा कि फिल्मों में बजट कटौती का असर अक्सर सबसे पहले फीमेल एक्टर्स की फीस पर पड़ता है, जबकि बड़े हिस्से की रकम मेल स्टार्स को दी जाती है। कृति ने कहा, जब प्रोड्यूसर्स को बजट कम करना होता है तो वे सबसे पहले फीमेल लीड की फीस कम करने की कोशिश करते हैं, जबकि बजट का बड़ा हिस्सा मेल एक्टर्स को जाता है। इंडस्ट्री में पैट्रिआर्की आज भी गहराई से मौजूद है और बराबरी लाने के लिए इसे बदलना जरूरी है।



### सेट् पर होते हैं भेदभाव

कृति ने फिल्म सेट्स पर होने वाले छोटे-छोटे भेदभावों का भी जिक्र किया। कृति ने कहा कि अक्सर सेट पर पहले यह देखा जाता है कि फीमेल एक्टर तैयार है या नहीं, ताकि मेल एक्टर को इंतजार न करना पड़े। उनके मुताबिक यह चीजें कई बार अनजाने में होती हैं, लेकिन इन्हें बदलने की जरूरत है।

### शुरुआती करियर का अनुभव किया साझा

कृति ने अपने शुरुआती करियर का एक अनुभव भी साझा किया। उन्होंने बताया कि एक बार उनके साथ काम कर रहे एक मेल को-स्टार, जो उनसे सीनियर भी नहीं थे, उन्हें बेहतर कार दी गई थी। कृति ने कहा, मुद्दा कार का नहीं था, बल्कि बराबरी के सम्मान का था। उस समय हर बात खुलकर कहना आसान नहीं होता था, लेकिन मैंने हमेशा अपने लिए खड़े होने की कोशिश की।

### फीमेल किरदार सीमित

कृति ने बताया कि यही सोच उन्हें प्रोड्यूसर बनने की ओर लेकर गई। उनकी फिल्म 'दो पत्ती' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वह ऐसी कहानियां बनाना चाहती हैं, जिनमें महिलाओं के लिए मजबूत और अहम किरदार हों। कृति के मुताबिक, आज भी महिलाओं के लिए अच्छी और दमदार स्क्रिप्ट्स बहुत कम लिखी जाती हैं, जबकि मेल-ड्रिवन फिल्मों में फीमेल किरदार अक्सर सीमित रह जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल विवाद को लेकर मारपीट, थाने में शिकायत

**रायगढ़।** शहर के ईशानगर नया पारा क्षेत्र में मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना में एक महिला के साथ उसके माता-पिता से गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आने के बाद महिला की शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पीड़िता श्वेता सिंह पिता मदन सिंह ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ ईशानगर नया पारा में रहती है और श्री राम फाइनेंस कॉर्पोरेशन में कार्यरत है। उसी कंपनी में चांदमारी निवासी जयदीप सिंह नागपाल भी काम करता है। 6 मई की शाम करीब साढ़े 5 बजे श्वेता सिंह और जयदीप सिंह नागपाल कंपनी के एक ग्राहक के लोन प्रोसेस के सिलसिले में पॉलिटेक्निक कॉलेज क्षेत्र गए थे। वहां ग्राहक नहीं मिलने पर दोनों वापस चांदमारी गार्डन के पास पहुंचे। इसी दौरान जयदीप सिंह नागपाल श्वेता का मोबाइल फोन लेकर ग्राहक से बात करते हुए मैदान की ओर चला गया। कुछ देर बाद वापस आने पर श्वेता ने अपना मोबाइल मांगा, लेकिन जयदीप ने फोन लौटाने से मना कर दिया। इसके बाद श्वेता अपने घर लौट गई और अपने पिता मदन सिंह के मोबाइल से जयदीप को फोन कर मोबाइल वापस करने के लिए कहा, लेकिन उसने फोन देने से इनकार करते हुए बहस शुरू कर दी। जिसके बाद देर शाम करीब साढ़े 7 बजे जयदीप सिंह नागपाल अपने साथी राज कर्ष के साथ श्वेता के चाय दुकान के पास पहुंचा। वहां जयदीप ने मोबाइल वापस किया, जबकि वहां मौजूद राज कर्ष ने श्वेता के पिता मदन सिंह से गाली-गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और श्वेता की मां के साथ मारपीट की।

### मेडिकल दुकान में चोरी, नकदी लेकर फरार हुए बदमाश

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मिरीगुड़ा में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक मेडिकल दुकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती अलसुबह अज्ञात चोर मेडिकल दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद दुकान के भीतर रखी अलमारी का लॉक भी तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि अलमारी में रखे करीब 25 हजार रुपये नकद चोर अपने साथ ले गए। चोरी के दौरान बदमाशों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे से भी छेड़छाड़ की।

### साउथ बिहार एक्सप्रेस में महिला यात्री का बैग चोरी

**रायगढ़।** एक महिला यात्री का ट्रेन सफर के दौरान बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना साउथ बिहार एक्सप्रेस में सफर के दौरान हुई, जहां अज्ञात चोर महिला का हैंडबैग लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार बिहार के खगड़िया जिले के लाभगांव की मूल निवासी 55 वर्षीय श्रीमती मीरा पासवान वर्तमान में रायगढ़ के केलो विहार कॉलोनी में रहती हैं। उन्होंने बताया कि बीते 23 अप्रैल की रात वह गाड़ी क्रमांक 13288 साउथ बिहार एक्सप्रेस से मोकामा स्टेशन से रायगढ़ आने के लिए सफर कर रही थीं। वह ट्रेन के कोच नंबर A-1 की अपर बर्थ सीट नंबर 46 में यात्रा कर रही थीं। पीड़िता के मुताबिक ट्रेन मोकामा स्टेशन से रवाना होने के बाद उन्हें हल्की नींद लग गई।

### रासायनिक खाद के लिए किसानों को नहीं दिक्कत

**सारंगढ़।** सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में उर्वरक वितरण और विक्रय को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट है। राज्य में सहकारी एवं निजी केंद्रों में उर्वरकों के विक्रय, वितरण पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है। कृषको की भूमि धारिता एवं फसल अनुसार वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुरूप सहकारी एवं निजी विक्रय केन्द्रों से संतुलित मात्रा में उर्वरको का वितरण, विक्रय पॉस मशीन के माध्यम से ही सुनिश्चित कराने के संबंध में मैदानी अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि उर्वरक वितरण में पारदर्शिता बनी रहे।

### राहत एवं आपदा मंत्री ने जल संरक्षण और पौधारोपण को बढ़ावा देने का निर्देश

# सुशासन तिहार में प्रभारी मंत्री ने की जिले के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़





शिविर में लगे स्टॉलों का जायजा और सामग्री वितरण करते राजस्व मंत्री।

राजस्व, राहत एवं आपदा और जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने सुशासन तिहार में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सारंगढ़ में जिले के विकास कार्यों का समीक्षा बैठक लिया। सभी विभागों के अधिकारियों ने विभागवार अपने विभाग की योजनाओं का लक्ष्यए उपलब्धि और लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं कर पाने के कारण की जानकारी दीं। बैठक में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय सहित जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में जिस योजनाओं और गतिविधियों पर समीक्षा हुआ उनमें एग्रीस्टेक में सभी किसानों का पंजीयन, जिले में पेट्रोल डीजल, खाद, बीज की उपलब्धता और भंडारण, पीएम आवास, पेयजल, जिला खनिज न्यास मद के 613 परियोजना में 203 कार्य पूर्ण, पीएम उज्वला गैस, पीएम सूर्य घर, महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों का ईकेवायसी, टीबी मुक्त पंचायत, बच्चों का टीकाकरण, पीएम किसान सम्मान निधि, जिले के अस्पतालो में स्वास्थ्य सुविधा आदि शामिल थे।

प्रभारी मंत्री ने बैठक में अधिकारियों को एग्रीस्टेक में किसान पंजीयन और महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों का ईकेवायसी कार्य को समय के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता रमाशंकर कश्यप से पूछा किए जिले में ऐसे कितने गांव है, जहाँ पानी की समस्या है और समस्या को दूर करने क्या उपाय किए गए। अधिकारी ने कहा किए जिले के 360 गांव में पानी की उपलब्धता है, जिले में 6 गांव है जहां भू जल स्तर कम होने के कारण वहां बोर खनन करने पर पानी नहीं मिला, वहां वैकल्पिक व्यवस्था में जितने चालू बोरिंग है वहां से और सारंगढ़ शहर में पानी नगरपालिका के टैंकर से उपलब्ध कराया जा रहा है। मंत्री ने कानून व्यवस्था, गांजा अफीम, अवैध शराब बिक्री, भंडारण, तस्करी पर रोकथाम की कार्रवाई की जानकारी ली। राजस्व मंत्री ने कहा कि गर्मी में वाटर लेवल कम हो जाता है। पेयजल समस्या को दूर करने का एक ही उपाय है और वह है जल संरक्षण। जल संरक्षण और पौधारोपण को बढ़ावा देने के कदम उठायें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा है कि प्रत्येक गरीब परिवार में समृद्धि आये। कोई भी नागरिक छोटे छोटे काम के लिए परेशान न हो। प्रभारी मंत्री ने कहा कि गांव गांव, जन जन तक सरकार की योजनाओं को ले जाने में हितग्राहियों को लाभ देने में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का योगदान होता है। सरकार की मंशा है कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलें। सुशासन तिहार में विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें, मौके पर आवेदनों का निराकरण करें।

### हितग्राहियों को मिला प्रमाण पत्र, चेक और ट्रेक्टर की चाबी

सारंगढ़। सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शुक्रवार को सरसीवा तहसील के ग्राम पंचायत झुमका में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के राजस्व और उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। उन्होंने सभी स्टालो में जाकर ग्रामीणों के आवेदन प्राप्ति और निराकरण को जाना। शिविर में 2310 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 272 आवेदन का निराकरण मौके पर किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पांडेय, सदस्य शिवकुमारी साहू, दिनेश जांगडे, भगवंती पटेल, बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे, सत्ताधारी दल के जिला अध्यक्ष ज्योतिलाल पटेल, सुभाष जालान और ग्राम पंचायत झुमका के सरपंच धनंजय साहू शामिल हुए। जिला प्रशासन सभी अधिकारी एवं कर्मचारी शिविर में मौजूद रहे। शिविर को संबोधित करते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जनता के हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों का नाम किसी भी स्थिति में नहीं छूटेगा, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता और वादा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समय सीमा के भीतर निराकरण किया जाना अनिवार्य है। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य करे। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण भी किया गया।

शिविर में ग्रामीणों की भागीदारी बड़ी संख्या में देखने को मिली, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु पंजीयन कराया। इस दौरान अतिथियों ने नन्हें बच्चों को अन्न प्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं को उपहार दिए। स्वास्थ्य और आयुर्वेद विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड, निक्षय मित्र को फूड बॉक्स, मत्स्य विभाग द्वारा मछली जाल, दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास का पूर्णता और स्वीकृति प्रमाण पत्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जाति प्रमाण पत्र, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा किसान पुस्तिका और बी 1 प्रदान किया गया।



## ग्रामीणों को मिले जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : जागेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार



- मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में माँ बंजारी धाम में 30 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे,

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत प्रशासन के सहयोग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग तमनार घरघोड़ा के तत्वाधान में माँ बंजारी धाम प्रांगण तराईमाल में 8 मई को मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न समाज के 30 जोड़ों ने शादी कर अपने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया, सामूहिक विवाह कार्यक्रम पूरे रीति अनुसार बड़े ही उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह में मुख्य अतिथि जागेश सिदार जनपद अध्यक्ष, रमेश बेहरा जिला पंचायत सदस्य, नन्दनी राय सभापति, एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी, तहसीलदार रिचा सिंह, शिवम पांडेय, रश्मि पटेल, सीईओ संजय चन्द्रा, चौधरी, परियोजना अधिकारी अन्य जनप्रतिनिधियों एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण शामिल हुए। बारातियों का तिलक रोली आरती उतारकर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। जनपद अध्यक्ष जागेश सिंह सिदार ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह में पहुचे सभी वर वधु को शुभकामनाएं देते कहाकि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत विवाह होना आप सभी सौभाग्यशाली है माँ बंजारी धाम में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से विवाह संपन्न हो रहा है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेंने प्रोत्साहित किया।वर वधुओं का विवाह संपन्न कराकर शासन के योजना के तहत 35 हजार रुपए का प्रोत्साहन राशि और 8 हजार रुपए वैवाहिक खर्च और 7 हजार रुपए का वर वधू का उपहार देते हुए आशीर्वाद दिया गया।

## ट्रेड डील से देश के किसान और छोटे व्यापारी होंगे प्रभावित: उस्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में दिल्ली स्थित कार्यालय में लगातार जारी न्याय सत्याग्रह में रायगढ़ ग्रामीण जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष उस्मान बेग ने तीन दिनों तक शामिल होकर धरने में सक्रिय सहभागिता दी। जिला अध्यक्ष उस्मान बेग ने बताया कि वे प्रभारी अमित प्रदेश अध्यक्ष आकाश एवं प्रदेश महासचिव राकेश के निर्देश पर दिल्ली पहुंचकर सत्याग्रह में शामिल हुए।

गौरतलब है कि इससे पूर्व भी वे विरोध प्रदर्शन, संसद घेराव के विरोध में आयोजित विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय रूप से सहभागिता निभा चुके हैं। दिल्ली में चल रहे इस सत्याग्रह के माध्यम से किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं छोटे व्यापारियों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। आंदोलनकारियों का कहना है कि प्रस्तावित लागू होने से सस्ते विदेशी कृषि एवं डेयरी उत्पादों का आयात बढ़ेगाए जिससे भारतीय किसान, दुग्ध उत्पादक, छोटे व्यापारी एवं स्थानीय उद्योग प्रभावित होंगे। साथ ही रोजगार के अवसर कम होने एवं देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता कमजोर पड़ने की आशंका भी जताई जा रही है। रायगढ़ ग्रामीण अध्यक्ष उस्मान बेग ने कहा कि यह ट्रेड डील देश के किसानों, युवाओं, छोटे व्यापारियों एवं मजदूर वर्ग के हितों के खिलाफ साबित हो सकती है। यदि विदेशी कंपनियों और उत्पादों को खुली छूट दी गई तो स्थानीय व्यापार एवं रोजगार पर सीधा असर पड़ेगा। आज देश का किसान लागत और बाजार की समस्या से जूझ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार आम जनता की आवाज सुनने के बजाय बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। सरकार जनता के मुद्दों पर गूंगी बहरी बनी हुई है और दिल्ली में बैठी राष्ट्रीय नेतृत्व केवल हर निर्णय को सही साबित करने में लगी रहती है। युवा कांग्रेस जनता की आवाज बनकर लगातार संघर्ष करती रहेगी। रायगढ़ ग्रामीण जिला अध्यक्ष उस्मान बेग की लगातार सक्रियता एवं आंदोलनों में सहभागिता को लेकर युवा कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखा जा रहा है। दिल्ली में चल रहे इस लंबे सत्याग्रह में उनकी मौजूदगी को संगठन के प्रति समर्पण एवं जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष के रूप में देखा जा रहा है। इस आंदोलन में छत्तीसगढ़ से प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश सचिव अनुप वर्मा एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अध्यक्ष शुभम बाजपेयी सहित प्रदेशभर के युवा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लगातार शामिल हो रहे हैं। वहीं प्रतिदिन देशभर से सैकड़ों कार्यकर्ता सत्याग्रह स्थल पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दे रहे हैं।

## पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर





**जशपुरनगर।** मनोरा जनपद के ग्राम खरसोता-बिछीटोली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन योजना) के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जहां ग्रामीणों को उनके गांव के समीप स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे पहाड़ी कोरवा परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों की जांच कर आवश्यक दवाइयां वितरित की तथा गंभीर मरीजों को आगे उपचार हेतु आवश्यक सलाह भी दी। महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच पर विशेष ध्यान दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में इस प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचने से उन्हें काफी राहत मिल रही है। पहले छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, लेकिन अब शिविर के माध्यम से गांव में ही उपचार उपलब्ध हो रहा है। स्वास्थ्य शिविर में पोषण, टीकाकरण, मातृ स्वास्थ्य एवं सामान्य बीमारियों से बचाव संबंधी जानकारी भी दी गई।

## उल्लास कला कार्यशाला भरतनाट्यम सीख रहीं महिलाएं



जशपुरनगर। छत्तीसगढ़िया क्लाउड ए सोशियो कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा जशपुर नगर के बच्चों किशोर और युवा व गृहिणियों के लिए 20 दिवसीय कला कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. गृहणियों के लिए विशेष रूप से जुंबा का आयोजन किया जा रहा है. कार्यशाला में भरतनाट्यम एवं वेस्टर्न डांस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में यह प्रशिक्षण मनीषा भगत के द्वारा प्रदान किया जाएगा. मनीषा एशिया के प्रथम संगीत, कला के रूप में मान्यता प्राप्त इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से भरतनाट्यम में स्नातक और स्नातकोत्तर तक का प्रशिक्षण प्राप्त किया है साथ ही उन्होंने राज्य के अंतरराष्ट्रीय विद्यालयों में अपनी सेवा प्रदान की है। मनीषा ने कई बड़े मंच पर अपनी प्रस्तुतियां दी हैं। कार्यशाला में छात्रों को शास्त्रीय नृत्य की मुद्राओं, आसन, भाव आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा इसके साथ ही वेस्टर्न डांस में भी गति, भाव, शरीर संचालन आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा. साथ ही कला कार्यशाला में आर्ट एंड क्राफ्ट विषय पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। पेपर क्राफ्ट और वेस्ट मटेरियल से कलाकृति निर्माण करने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस विषय पर सुलोचना सिंह प्रशिक्षण प्रदान करेंगी. यह कार्यशाला शाम 5 बजे संस्था के अभ्यास कक्ष पुरानी टोली में आयोजित की जायेगी।

## ट्रॉली बैग में 18 किलो गांजे के साथ गाड़ी का कर रहे थे इंतजार, पुलिस पकड़कर ले गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



स्टेशन के बाहर मंदिर के पास तीन बैग लेकर तीन लोग खड़े थे। उनके तीनों बैग में गांजा था, किसी ने पुलिस को इसकी सूचना दी। कोतवाली और जीआरपी पुलिस ने मौके पर आकर जांच की तो भौचक्के रह गए। बैग में 18 किलो गांजा था और उसे बिक्री के लिए मध्य प्रदेश के किसी गांव में ले जा रहे थे, लेकिन वाहन का इंतजार करते पकड़ा गए। इसमें दो आरोपियों के साथ एक महिला भी है।

जानकारी के अनुसार रायगढ़ रेलवे स्टेशन के सामने पार्किंग क्षेत्र से ओडिशा के दो पुरुष और एक महिला को भारी मात्रा में अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 17.726 किलो गांजा, 2 मोबाइल समेत 1 लाख 79 हजार 500 रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। रेलवे स्टेशन के सामने पार्किंग क्षेत्र में शिव मंदिर के पास पीपल पेड़ के नीचे तीन संदिग्ध व्यक्ति बैग लेकर बैठे हुए हैं, जिनके पास मादक पदार्थ गांजा है और वे कहीं जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे हैं। कोतवाली और रेल्वे पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर तीनों संदिग्धों को हिरासत में लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सिद्धांत गोन्डा पिता महेश्वर गोन्डा उम्र 28 वर्ष निवासी डिमरीकाल थाना खजुरीपाड़ा जिला कंधमाल ओडिशा 2 कश्यप साहनी पिता प्रसन्न साहनी 45 निवासी घोड़ापथरा थाना खजुरीपाड़ा जिला कंधमाल ओडिशा तथा 3 श्रीमती चंद्रिका साहनी पति कश्यप साहनी 40 निवासी घोड़ापथरा थाना खजुरीपाड़ा जिला कंधमाल ओडिशा बताया।

पुलिस द्वारा बैगों की तलाशी लेने पर एक बैग से 6.382 किलोग्राम, ट्रॉली बैग से 8.084 किलोग्राम तथा अन्य बैग से 3.304 किलोग्राम गांजा 1 लाख 76 हजार बरामद किया गया। आरोपियों ने बताया कि वे गांजा ओड़िशा के कंधमाल जिले से खरीदकर मध्यप्रदेश के खुरई में बिक्री करने के लिए ट्रेन से रायगढ़ पहुंचे थे और आगे जाने के लिए वाहन की तलाश कर रहे थे। आरोपियों के पास गांजा परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस नहीं मिला। थाना कोतवाली रायगढ़ में आरोपियों के विरुद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### बरमकेला में तीन दिवसीय ग्रंथ कथा

**कोसीर।** पनिका समाज बरमकेला के दारा बस्ती में तीन दिवसीय कबीर ग्रंथ कथा का आयोजन किया गया। जो कि पुरी विधान के साथ श्रद्धा भाव के साथ सम्पन्न हुआ जिसके प्रथम दिन बिशाल भव्य कलश यात्रा के साथ प्रांरभ हुआ। जिसमें नगर सहित आस पास गावं के समाज के लोगो ने भारी संख्या मे उपस्थित होकर कार्य क्रम की शोभा को बढाया उसके पश्चात विधि विधान से पूजा पाठ करते हुऐ आगे कार्य क्रम को बढावा दिया। जिसके उपरांत लगातार तीन दिनों तक समाज के अनुयायी साहेब कबीर जी का अमृत रुपी कथा प्रवचन का सूनकर सभी ने आंनद उठाया और भाव विभोर हुए नगर वासी व समाज के लोग भारी संख्या मे उपस्थित रहे और कथा श्रवण कर सराहना किया और कहा ऐसे ही कथा प्रवचन होते रहना चाहिए जिससे लोगो के मन भक्ति पूर्ण बनी रहती है ।

